जनसंपर्क विभाग, अमेरिकी दूतावास
प्रेस समाचार
शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाषः 011.24198000 एक्सटेंशनः 8827
फैक्सः 011. 24198817 वेबसाइटः http://newdelhi.usembassy.gov

13 अगस्त, 2010

भारत के स्वतंत्रता दिवस पर अमेरिकी विदेश मंत्री हिलैरी रोधाम क्लिंटन का वक्तव्य

हम प्रति वर्ष 15 अगस्त को महात्मा गांधी और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों जिन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया कि अहिंसात्मक विरोध के द्वारा बड़ा परिवर्तन किया जा सकता है। उनके साहस और दृढ़ता ने दुनिया के नेताओं की पीढ़ियों को प्रेरित किया, जिनमें डा. मार्टिन लूथर किंग, जूनियर और अन्य जिन्होंने नागरिक अधिकारों और समानता के लिए अमेरिका के अपने संघर्ष को आगे बढ़ाया। स्वतंत्रता के 63 वर्षों के बाद भारत एक विश्व लीडर है, और स्वतंत्रता, सहिष्णुता, तथा समृद्धि के ''भारतीय सपने'' का उदाहरण दुनिया में लोकतंत्र और आजादी चाहने वालों के लिए प्रस्तुत कर रहा है।

संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के साथ अपने सहयोग और साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसा कि राष्ट्रपति ओबामा ने हमारे स्ट्रटजिक डायलॉग में कहा है कि दोनों देशों के बीच अद्वितीय रिश्ता है। यह रिश्ता समान हितों, साझा मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं में निहित है और लोगों के बीच व्यापक संबंधों से मजबूत हुआ है। राष्ट्रपति ओबामा की भारत यात्रा के समय हमं इन संबंधों के और आगे बढ़ने की आशा है। क्योंकि भारत और अमेरिका के बीच गतिशील, वैश्विक सहयोग के माध्यम से ही हम 21वीं सदी की चुनौतियों से निबट सकते हैं।

मैं एक बार फिर से भारत की जनता को उसकी उपब्धियों पर बधाई देती हूं और सुरक्षित व आनंददायक स्वतंत्रता दिवस की कामना करती हूं।

***